तरंगा हिल-अंबाजी- आबू रोड

हाल ही में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने **तरंगा हिल-अंबाजी-आबू रोड नई रेल लाइन** के निर्माण को मंज़ूरी दी।

मुख्य बिंदु:

- **परिचय:**
  - नई रेल लाइन की कुल लंबाई 116.65 किलोमीटर होगी।
  - यह परियोजना वर्ष 2026-27 तक पूरी हो जाएगी। परियोजना निर्माण के दौरान लगभग 40 लाख मानव दिवसों के लिये प्रत्यक्ष रोज़गार पैदा करेगी।
  - यह मार्ग राजस्थान के सिरोही ज़िले और गुजरात के बनासकांठा तथा मेहसाणा ज़िलों से होकर गुज़रेगी।
- **महत्त्व :**
  - यह **कनेक्टिविटी** को **बढ़ाएगी** और **गतिशीलता में सुधार** करेगी जिससे इस क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होगा।
  - चूँकि यह महत्त्वपूर्ण तीर्थ स्थलों को जोड़ती है , इसलिये यह **लाखों भक्तों को आसान यात्रा की सुविधा** प्रदान करेगी।
  - यह **कृषि और स्थानीय सामानों की तीव्र आवाजाही की सुविधा** भी प्रदान करेगी, गुजरात और राजस्थान के बीच कनेक्टिविटी को और बढ़ाएगी।
  - यह मौजूदा **अहमदाबाद-आबू रोड रेलवे लाइन के लिये वैकल्पिक मार्ग** प्रदान करेगी।

तीर्थ स्थल:

- **अंबाजी** गुजरात में स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थ मंदिर स्थल है, जो 51 शक्तिपीठों में शामिल है।
  - यहाँ प्रतिवर्ष गुजरात के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों और विदेशों से लाखों भक्त आते हैं। इसलिये यह **रेल लाइन** इन लाखों भक्तों के लिये आसान यात्रा की सुविधा प्रदान करेगी।

- इसके अलावा तरंगा हलि स्थति अजीतनाथ जैन मंदरि (24 पवत्रि जैन तीर्थंकरों में से एक) के दर्शन करने वाले श्रद्धालु भी इस रेल लाइन से काफी लाभान्वति होंगे।
    - तरंगा हलि-अंबाजी-आबू रोड के बीच यह नई रेलवे लाइन इन दो महत्त्वपूर्ण धार्मकि खेलों को रेलवे के मुख्य नेटवर्क से जोड़ेगी।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/taranga-hill-ambaji-abu-road